अमर उजाला

# कैंडल मेकिंग में प्रीत प्रथम

जगाधरी। भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल में दिवाली के उपलक्ष्य में कई गतिविधियां करवाई गई सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने गतिविधि में भाग लिया और अपनी कलात्मक रुचि दिखाई कार्यक्रम में कैंडल मेकिंग में प्रीत, पेपर दिया मेकिंग में सिद्धदीप और सारिका, कैंडल डेकोरेशन में रश्मि, दिया डेकोरेशन में तुलिका, थाली सजावट में पलक, वंदनवार बनाओ में मनप्रीत की प्रस्तुति सर्वश्रेष्ठ रही। इसके साथ इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई। संवाद

# प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने के लिए किया प्रेरित



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। ● प्रवक्ता

**जासं, यमुनानगर :** भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल में दीवाली के त्योहार के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता में प्रीत, पेपर दिया मेकिंग में सिद्धदीप और सारिका, कैंडल डेकोरेशन में रश्मि, दिया डेकोरेशन में तूलिका थाली डेकोरेशन में पलक, वंदनवार मेकिंग तोरण मेकिंग में मनप्रीत की प्रस्तुति सर्वश्रेष्ठ रही। इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा प्रबंधक कमेटी की ओर से धीरज लूथरा और रीना लूथरा ने विद्यार्थियों को प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने के लिए भी प्रेरित किया।

**यमुनानगर केसरी**

# विद्यार्थियों ने एक दिन के लिए शिक्षक बन चयनित विषयों पर दी समीक्षा

यमुनानगर, 4 नवम्बर (ब्यूरो) : भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल जगाधरी में स्टूडेंट कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम को छात्र नेतृत्व सम्मेलन भी कहा जाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक दिन के लिए शिक्षक बन अपने चयनित विषयों पर समीक्षा दी। उनके शैक्षणिक प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य माता-पिता और आए हुए सभी अति विशिष्ट अतिथियों को यह समझाना था कि भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल जोकि लीड एजुकेशन सिस्टम के साथ जुड़ा हुआ है किस तरीके से एक अलग ही ढंग से विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है।

इस कार्यक्रम में काफी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया और अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। अपने विद्यार्थियों को अपने सिखाए तरीकों पर प्रेजेंटेशन देते हुए अध्यापक भी बहुत प्रसन्न नजर आ रहे थे। स्कूल प्राचार्य सौरभ शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की अध्यापक, अभिभावक और विद्यार्थी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के तीन प्रमुख स्तंभ हैं और विद्यार्थियों के विकास में तीनों की सक्रियता बहुत जरूरी है।



कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। (ब्यूरो)

भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल में आयोजित इस एसएलसी में अलग-अलग विषयों से अलग-अलग टॉपिक उठाए गए जैसे गणित के क्रियात्मक मॉडल साइंस में पाचन क्रिया, हड्डियों और जोड़ों के बारे में बताते हुए मॉडल, माइक्रोस्कोप की वर्किंग और इस्तेमाल खाद्य पदार्थों में गुणवत्ता की जांच और अलग अथवा इंग्लिश से जुड़े हुए भी कुछ टॉपिक विद्यार्थियों ने बड़े ही सरलतम और इंटरेस्टिंग तरीके से समझाए।

विद्यार्थियों को कॉन्फिडेंट अपनी बात रखते हुए देखने पर सभी पेरेंट्स गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। अभिभावकों ने बताया की लीड सिस्टम के साथ पढ़ते हुए उनके बच्चे भविष्य के लिए एक बेहतर तरीके से तैयार हो रहे हैं और यह लीड एजुकेशन सिस्टम पर यमुनानगर और जगाधरी में केवल मात्र भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल में ही उपलब्ध है। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी और स्कूल प्राचार्य ने आए हुए सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया और उन्हें विश्वास दिलाया की स्कूल हमेशा उनके बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध कराएगा।

जागरण सिटी यमुनानगर

# एक दिन के लिए शिक्षक बने विद्यार्थी, विषयों पर दी समीक्षा



कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। • प्रवक्ता

जागरण संवाददाता, यमुनानगर : भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट कान्फ्रेंस का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने एक दिन के लिए शिक्षक बन अपने चयनित विषयों पर समीक्षा दी।

उनके शैक्षणिक प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य माता-पिता और आए हुए सभी अति विशिष्ट अतिथियों को यह समझना था कि भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल जो कि लीड एजुकेशन सिस्टम के साथ जुड़ा हुआ है। किस तरीके से एक अलग ही ढंग से विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है। स्कूल प्राचार्य शीतल शर्मा ने कहा की अध्यापक, अभिभावक और विद्यार्थी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के तीन प्रमुख ध्रुव हैं। विद्यार्थियों के विकास में तीनों की सक्रियता बहुत जरूरी है।

# बच्चों को दी मेरा बिल मेरा अधिकार योजना की जानकारी



विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य वक्ता। ● प्रवक्ता

**जासं, यमुनानगर :** भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल में मेरा बिल मेरा अधिकार स्कीम के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक्साइज एंड टेक्सेशन विभाग से आए अधिकारी सी ठाकुर, इंस्पेक्टर रविंद्र तथा इंस्पेक्टर शालिनी मुख्य वक्ता रही। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि केंद्र सरकार ने एक सितंबर से मेरा बिल मेरा अधिकार स्कीम जारी की है। इसके अंतर्गत सभी नागरिक गूगल प्ले एप स्टोर से जाकर इस एप को अपने फोन पर डाउनलोड करें साथ ही साथ उन्होंने भी यह भी बताया कि जब भी हम कोई भी सामान ले तो उसका बिल लेना आवश्यक है। बल के ऊपर का जीएसटी नंबर हम इस एप में फीड करें। महीने के अंत में 10 लकी विनर स्कीम के अंतर्गत इनाम पाएंगे। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया की सम्मान के खरीदने पर साथ बिल लेना जरूरी है। ताकि किसी भी तरीके की टैक्स चोरी से बचा जा सके। देश के लिए मिलने वाला पैसा सुचारू रूप से देश की तरक्की के लिए लगाया जा सके। प्रिंसिपल शीतल शर्मा ने विद्यार्थियों को समझाया कि यह एक सरलतम तरीका है जिससे हम अपने देश की तरक्की में सहयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने आए हुए अधिकारियों के साथ शपथ ली कि वे निश्चित तौर पर किसी भी खरीदी हुई चीज का बिल जरूर लेंगे।

# बच्चों को दी मेरा बिल मेरा अधिकार योजना की जानकारी



विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य वक्ता। ● प्रवक्ता

**जासं, यमुनानगर :** भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल में मेरा बिल मेरा अधिकार स्कीम के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक्साइज एंड टेक्सेशन विभाग से आए अधिकारी सी ठाकुर, इंस्पेक्टर रविंद्र तथा इंस्पेक्टर शालिनी मुख्य वक्ता रही। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि केंद्र सरकार ने एक सितंबर से मेरा बिल मेरा अधिकार स्कीम जारी की है। इसके अंतर्गत सभी नागरिक गूगल प्ले एप स्टोर से जाकर इस एप को अपने फोन पर डाउनलोड करें साथ ही साथ उन्होंने भी यह भी बताया कि जब भी हम कोई भी सामान ले तो उसका बिल लेना आवश्यक है। बल के ऊपर का जीएसटी नंबर हम इस एप में फीड करें। महीने के अंत में 10 लकी विनर स्कीम के अंतर्गत इनाम पाएंगे। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया की सम्मान के खरीदने पर साथ बिल लेना जरूरी है। ताकि किसी भी तरीके की टैक्स चोरी से बचा जा सके। देश के लिए मिलने वाला पैसा सुचारू रूप से देश की तरक्की के लिए लगाया जा सके। प्रिंसिपल शीतल शर्मा ने विद्यार्थियों को समझाया कि यह एक सरलतम तरीका है जिससे हम अपने देश की तरक्की में सहयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने आए हुए अधिकारियों के साथ शपथ ली कि वे निश्चित तौर पर किसी भी खरीदी हुई चीज का बिल जरूर लेंगे।

अमर उजाला

# प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



जगाधरी। भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य शीतल शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। ये जानकारी कार्यक्रम संयोजक अनुराधा और शिल्पा ने दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को अपने आसपास की भी जानकारी रखनी चाहिए। इस मौके पर स्कूल सचिव रीना लूथरा ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो उसे निखारने की। संवाद

# मेहंदी लगाकर मनाया तीज पर्व



भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल जगाधरी में उपस्थित बच्चे। संवाद

जगाधरी। भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज पर्व मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान नन्हे मुन्ने सुंदर व आकर्षक पोशाक में सज धज कर पहुंचे। वहीं इस दौरान छोटी बच्चियां हाथों में मेहंदी लगाकर हरी चूड़ियां व परांपरिक परिधान में सज कर पहुंची।

कार्यक्रम में लड़कों ने छात्राओं को झूला झुलाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने घेवर, फिरनी व अन्य मिठाई बांटकर पर्व का आनंद लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक व लोक नृत्य से सभी का मनोरंजन किया और लोगों को पर्व की बधाई दी। सभी ने नाच गाकर तीजोत्सव मनाया। प्रिंसिपल शीतल शर्मा ने बताया की हरियाली तीज हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण त्योहार है।

यह स्त्रियों का त्योहार है। जिसमें सुहागिने श्रृंगार करती हैं और झूला झूलती हैं। परिवार की खुशियों के लिए व्रत व पूजन करती हैं। प्रबंधन समिति से सचिव रीना लूथरा ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों व स्टाफ को पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं मीनाक्षी और मेघना ने संभाली।